# बिहार विधान परिषद

(197वां बजट सत्र)

Short Notice Questions For Written Answers

## 05 मार्च, 2021

- - - -

[शिक्षा - खान एवं भूतत्व - कला, संस्कृति एवं युवा विज्ञान एवं प्रावैधिकी ].

Total Short Notice Question- 11

- - - -

### मोइनुल हक स्टेडियम की सुधार

*37 **श्री रामचन्द्र पूर्वे (विधान सभा):**

Will the **कला, संस्कृति एवं युवा** be pleased to state:-

क्या मंत्री, कला, संस्कृति एवं युवा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि -

(क) क्या यह सही है कि विश्वकप समेत क्रिकेट के चार अन्तर्राष्ट्रीय मैचों का गवाह रहा पटना का मोइनुल हक स्टेडियम बहुत बदहाल हो गया है;

(ख) क्या यह सही है कि इसके मैदान में दो फीट घास उग आई है, दर्शकों के लिए बची गैलरी जर्जर हो गई है, दो पवेलियन का हाल बेहाल है;

(ग) क्या यह सही है कि इस स्टेडियम का ड्रेनेज सिस्टम काम नहीं कर रहा है;

(घ) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार स्टेडियम के इस बुरे हाल के लिए जिम्मेवार पदाधिकारियों के खिलाफ कोई कार्रवाई करेगी और इसकी स्थिति को सुधारेगी?

- - - -

## जमीन चिंह्ति करने का विचार

*75 **श्री रण विजय कुमार सिंह (विधान सभा):**

Will the **कला, संस्कृति एवं युवा** be pleased to state:-
क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि -

(क) क्या यह सही है कि केन्द्र सरकार द्वारा प्रायोजित 'खेलो इंडिया' कार्यक्रम के तहत प्रत्येक विश्वविद्यालय में खेल-कूद को बढ़ावा देने का फैसला लिया गया है तथा केन्द्र सरकार द्वारा उक्त कार्यक्रम को बढ़ावा देने के लिए 13 करोड़ 32 लाख रुपये देने की घोषणा भी की गई है;

(ख) क्या यह सही है कि महामहिम द्वारा राज्य के पांच विश्वविद्यालयों यथा पटना विश्वविद्यालय, पटना, वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय, आरा, जय प्रकाश विश्वविद्यालय, छपरा, भीमराव अम्बेदकर विश्वविद्यालय, मुजफ्फरपुर एवं तिलका मांझी विश्वविद्यालय, भागलपुर में इंडोर स्टेडियम बनाने के लिए जमीन चिंह्ति करने का निर्देश विभाग को दिया गया है;

(ग) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उपरोक्त विश्वविद्यालयों में इंडोर स्टेडियम निर्माण हेतु जमीन चिंह्ति करने का विचार रखती है?

----

## +2 बिल्डिंग का निर्माण

*76 **श्री केदार नाथ पाण्डेय (सारण शिक्षक ):**

Will the **शिक्षा** be pleased to state:-
क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि -

(क) क्या यह सही है कि हरिराम उच्च विद्यालय, मैरवा, सीवान एक पुराना और प्रतिष्ठित विद्यालय है, जिसमें लगभग तीन हजार छात्र-छात्रा अध्ययन करते हैं;

(ख) क्या यह सही है कि उक्त विद्यालय में अभी तक +2 कक्षाओं के लिए वर्ग कक्षों का निर्माण नहीं किया गया है, फलतः काफी कठिनाइयां हैं;

(ग) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार कबतक उक्त विद्यालय में +2 बिल्डिंग का निर्माण कराने का विचार रखती है?

----

## नियमित नियुक्ति

*77 **प्रो. संजय कुमार सिंह (तिरहुत शिक्षक):**

Will the **शिक्षा** be pleased to state:-

क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि -

(क) क्या यह सही है कि बी. आर. अम्बेडकर बिहार विश्वविद्यालय, मुजफ्फरपुर के सभी अंगीभूत महाविद्यालयों एवं स्नातकोत्तर विभागों में कई वर्षों से पुस्तकालय अध्यक्षों की नियुक्ति लंबित है;

(ख) क्या यह सही है बिहार विश्वविद्यालय में 42 अंगीभूत महाविद्यालय एवं 24 स्नातकोत्तर विभाग हैं, जिनमें पुस्तकालय अध्यक्ष और सहायक पुस्तकालय अध्यक्षों के सभी पद रिक्त हैं;

(ग) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं तो क्या सरकार उपर्युक्त वर्णित महाविद्यालयों एवं स्नातकोत्तर विभागों में पुस्तकालय अध्यक्ष और सहायक पुस्तकालय अध्यक्ष के रिक्त पदों पर नियमित नियुक्ति करना चाहती है, यदि हां तो कबतक?

----

## पारिश्रमिक एवं मानदेय का भुगतान

***78 डा. संजीव कुमार सिंह (कोशी शिक्षक):**

Will the **शिक्षा** be pleased to state:-

क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि -

(क) क्या यह सही है कि सूबे के विभिन्न जिले के शिक्षकों का बकाया मूल्यांकन पारिश्रमिक एवं मानदेय राज्य शिक्षा शोध एवं प्रशिक्षण संस्थान (SCERT) के यहां पांच-सात वर्षों से लंबित है जिसके लिए शिक्षकों को बार-बार पटना आना पड़ता है;

(ख) क्या यह सही है छात्रहित में संबंधित शिक्षकों/साधनसेवियों से डी.एल.एड. (O.D.L) का कार्य अपने अनुरूप करवा तो लेती है लेकिन उसके भुगतान हेतु गंभीर नहीं है;

(ग) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं तो क्या सरकार संबंधित शिक्षकों का बकाया पारिश्रमिक/मानदेय का भुगतान अविलंब कराना चाहती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों?

----

## पदोन्नति देने का विचार

***79 श्री संजीव श्याम सिंह (शिक्षक गया):**

Will the **शिक्षा** be pleased to state:-

क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि -

(क) क्या यह सही है कि राज्य के सरकारी नियमित शिक्षकों एवं सरकारी कर्मचारियों को 10 वर्ष 20 वर्ष एवं 30 वर्ष पर पदोन्नति का प्रावधान है;

(ख) क्या यह सही है कि राज्य के नियोजित शिक्षकों को उच्च माध्यमिक शिक्षकों को 6 वर्ष एवं माध्यमिक शिक्षकों को10 वर्ष के उपरांत प्रधानाध्यापक के पद पर प्रोन्नति देने का प्रावधान दिया गया है;

(ग) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं तो क्या सरकार नियोजित शिक्षकों को 10 वर्ष 20 वर्ष एवं 30 वर्ष के उपरांत पदोन्नति देने का विचार रखती है, यदि हां तो कबतक?

----

## कारगर उपाय

***80 श्री रामचन्द्र पूर्वे (विधान सभा):**

Will the **शिक्षा** be pleased to state:-

क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि -

(क) क्या यह सही है कि स्कूली शिक्षा की गुणवत्ता पर नीति आयोग, विश्वबैंक तथा मानव संसाधन मंत्रालय द्वारा तीस मानकों पर आधारित संयुक्त रूप से तैयार की गयी इंडेक्स रिपोर्ट में बिहार की रैंकिंग 17वें स्थान पर है, वहीं केरल प्रथम स्थान पर है;

(ख) यदि उपर्युक्त खण्ड 'क' का उत्तर स्वीकारात्मक है तो राज्य की रैंकिंग में पिछड़ने का क्या कारण है और सरकार रैंकिंग में आगे होने के लिए क्या कारगर उपाय कर रही है?

----

## बक्सर जिला के सभी प्रखण्डों में स्टेडियम

***81 श्री राधाचरण साह (स्थानीय प्राधिकार, भोजपुर एवं बक्सर):**

Will the **कला, संस्कृति एवं युवा** be pleased to state:-

क्या मंत्री, कला, संस्कृति एवं युवा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि -

(क) क्या यह सही है कि राज्य में मुख्यमंत्री खेल विकास योजना के अंतर्गत प्रखंड, जिला और प्रमंडल स्तर पर स्टेडियम निर्माण कार्य कराया जाता है;

(ख) प्रखंड, जिला और प्रमंडल स्तर पर अभी तक कितना स्टेडियम बना हुआ है;

(ग) भोजपुर जिला और बक्सर जिला के कितने प्रखंडों में अभी तक स्टेडियम बना है और शेष कितने प्रखंडों में स्टेडियम अभी बाकी है;

(घ) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार भोजपुर जिला और बक्सर जिला के सभी प्रखंडों में कबतक स्टेडियम बनाना चाहती है?

----

## सात अंक देने का विचार

***82 श्री गुलाम रसूल (विधान सभा):**

Will the **शिक्षा** be pleased to state:-

क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि -

(क) क्या यह सही है कि राज्यपाल भवन, बिहार से जारी किए गए पत्र (ज्ञापांक – B&u(statute) – 25/2014-1472, दिनांक – 10.08.2020) में स्पष्ट किया गया है कि राज्य के विभिन्न विश्वविद्यालयों में सहायक प्राध्यापकों की नियुक्ति के समय एम०फिल० में 60 प्रतिशत अंक प्राप्त करने वाले अभ्यर्थियों को शैक्षणिक प्वाइंट के रूप में 7 (सात) अंक दिए जाएंगे;

(ख) क्या यह सही है कि राज्य विश्वविद्यालय आयोग द्वारा दिनांक – 21.09.2020 को विभिन्न विषयों के लिए निकाली गयी विज्ञप्ति सं०- 01/20-21 से 50/20-21 में एम०फिल० डिग्री धारकों को दिए जाने वाले 7 सात अंक को शामिल नहीं किया गया है;

(ग) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं तो क्या सरकार राजभवन द्वारा जारी पत्र के आलोक में सहायक प्राध्यापकों की नियुक्ति में एम०फिल०डिग्री धारकों को 7 (सात) अंक देने का विचार रखती है, ताकि योग्य अभ्यर्थियों का चयन सहायक प्राध्यापक में हो सके।

----

## नये भवन का निर्माण

***83 प्रो. (डा.) रामबली सिंह (विधान सभा):**

Will the **शिक्षा** be pleased to state:-

क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि -

(क) क्या यह सही है कि माननीय पटना उच्च न्यायालय द्वारा सी.डब्लू.जे.सी. सं०- 5443/1992 में दिनांक – 11.12.1992 को पारित आदेश के आलोक में नवादा के जिला पदाधिकारी के पत्रांक – 3544/वि०, दिनांक – 12.09.1994 के द्वारा प्रदत्त आदेश पर नवादा जिला के नरहट प्रखंड अन्तर्गत मिल्की ग्राम के प्लॉट नं० – 783 एवं 784 में प्राथमिक विद्यालय का निर्माण कराया गया था;

(ख) क्या यह सही है कि प्रश्नगत विद्यालय के भवन की जर्जरता के फलस्वरूप वर्तमान समय में उक्त विद्यालय मिल्की ग्राम से दो कि०मी० दूर ग्राम तारोपुर में संचालित किया जा रहा है;

(ग) क्या यह सही है कि दो कि०मी० की दूरी पर प्रश्नगत विद्यालय के संचालन से उक्त गांव के बच्चों को पठन-पाठन में काफी कठिनाई हो रही है;

(घ) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं तो क्या सरकार प्रश्नगत प्राथमिक विद्यालय के नये भवन का निर्माण कराना चाहती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों?

----

## जीर्णोद्धार शीघ्र

***84 श्री भीसम साहनी (विधान सभा):**

Will the **कला, संस्कृति एवं युवा** be pleased to state:-

क्या मंत्री, कला, संस्कृति एवं युवा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि -

(क) क्या यह सही है कि प० चम्पारण जिलान्तर्गत गौनाहा प्रखंड में रामकुरवा बौद्ध स्थान है;

(ख) क्या यह सही है कि रामकुरवा बौद्ध स्थान अभी जीर्ण-शीर्ण अवस्था में है;

(ग) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार पश्चिमी चम्पारण जिला के गौनाहा प्रखंड अन्तर्गत रामकुरवा बौद्धस्थल का जीर्णोद्धार शीघ्र करवाना चाहती है, यदि हां तो कबतक?

----